# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

## विज्ञप्ति सं. 19

*क्रमांकःएफ( )/परीक्षा/मदसविवि/2021/12716* *दिनांकः 02.08.2021*

पूर्व में जारी विज्ञप्ति संख्या 15 दिनांक 03.07.2021 एवं विज्ञप्ति संख्या 16 दिनांक 12.07.2021 विज्ञप्ति संख्या 17 दिनांक 19.07.2021 के क्रम में विश्वविद्यालय की ( **सेमेस्टर I, III, V** ) मुख्य परीक्षा 2021 के परीक्षा आवेदन पत्र **(नियमित, पूर्व छात्र अभ्यर्थियों हेतु)** बेवसाइट **www.mdsuexam.org तथा www.mdsuexam.net** पर ऑनलाइन प्रक्रिया से भरने हेतु अन्तिम तिथि निम्नानुसार बढ़ाई जाती है। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निर्धारित समय सीमा में अपने परीक्षा आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करें। **कोविड महामारी के दृष्टिगत आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थी अपने घर पर रहते हुए उक्त वेबसाइट पर जाकर ऑन लाईन आवेदन कर सकते है। तथा परीक्षा शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड व नेटबैंकिग के माध्यम से घर पर रह कर ही किया जा सकता है।** ई–मित्र कियोस्क पर भी आवेदन पत्र भरे जा सकते हैं। कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया को अपने घर पर रहते हुए ही पूर्ण करें। राज्य सरकार / केन्द्र सरकार द्वारा समय समय पर कारोना महामारी से सम्बन्धित जो दिशा निर्देश, अनुशासन, प्रोटोकोल जारी किये जाते हैं, सभी से अपेक्षा की जाती है कि वे इनकी पालना करें।

| कक्षा | परीक्षा शुल्क के बराबर विलम्ब शुल्क (दो गुना परीक्षा शुल्क) सहित आवेदन की तिथि |
|---|---|
| विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित **सेमेस्टर I, III, V के नियमित एवं पूर्व छात्र** | **05.08.2021 तक** |
| उपरोक्त वर्णित सभी परीक्षाओं के प्रिन्टेड आवेदन पत्र (हार्ड कॉपी–दो प्रतियों में) संबंधित महाविद्यालय/केन्द्र/विभाग में जमा कराने की अंतिम तिथि। | **06.08.2021 तक** |
| उपरोक्त वर्णित सभी परीक्षाओं के आवेदन पत्र की विश्वविद्यालय प्रति मय सभी संलग्नकों के जॉच पश्चात् महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय में जमा कराने की अंतिम तिथि | **07.08.2021 तक** |

**नोटः**

1. उपरोक्त वर्णित कक्षाओं के अतिरिक्त अन्य कक्षाओं के आवेदन पत्र भरने हेतु सूचना वैबसाईट पर उपलब्ध रहेगी।
2. विस्तृत जानकारी के लिए वैबसाईट पर उपलब्ध आवेदन–पत्र भरने संबंधी निर्देश का अवलोकन करें।
3. शेष नियम व दिशा निर्देश उपरोक्त वर्णित विज्ञप्तियों के अनुसार रहेंगे।

*-sd-*

***परीक्षा नियंत्रक***

*क्रमांकःएफ( )/परीक्षा/मदसविवि/2021/     12717–13075*                                            *दिनांकः 02.08.2021*

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है–

1. समस्त विभागाध्यक्ष, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय एवं समस्त प्राचार्य– सम्बद्ध महाविद्यालय, को प्रेषित कर लेख है किः–

    1. जिन परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर महाविद्यालय में जमा करवाये गये हैं, उनके परीक्षा फार्म मय संलग्नकों के वर्णानुक्रम (Alphabetical order) में कक्षावार/महाविद्यालयवार सूची तैयार करके उक्त तालिका में वर्णित तिथि अनुसार विश्वविद्यालय के लेखा एवं वित्त शाखा के रोकड़ प्राप्ति शाखा में व्यक्तिगत रूप से जमा करावें। इस हेतु उन्हें नियमानुसार यात्रा भत्ता देय होगा। उपरोक्त निर्धारित तिथियों के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
    2. उपरोक्त वर्णित तिथियों को यदि महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र वर्णानुक्रम (Alphabetical order) में कक्षावार करके जमा नहीं करवाया जाता हैं, तो उनके महाविद्यालय से प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्रों की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित नहीं की जा सकेगी  जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।
    3. **विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक भाग–प्रथम तथा स्नातकोत्तर (पूर्वार्द्ध) कक्षाओं हेतु आवंटित सीटों के अनुसार ही नियमित छात्रों से फार्म भरवाये गये हैं, इस आशय का शपथ पत्र सम्बन्धित प्राचार्यो द्वारा परीक्षा फार्म के साथ अनिवार्य रूप से देय होगा।**
    4. **आवेदन पत्रों के साथ Detail of Registered Students तीन प्रतियों में, Fee Report दो प्रतियों में तथा परीक्षावार Nominal Roll  दो प्रतियों में विश्वविद्यालय के कैश काउन्टर पर प्रस्तुत करें।**
    5. छात्र द्वारा आवेदन करने में त्रुटि हो जाने के बाद तथा शुल्क भी जमा करवा देने के पश्चात् छपे हुए आवेदन पत्र में सम्बंधित महाविद्यालय/केन्द्र को संशोधन करने हेतु अधिकृत किया जाता है। महाविद्यालय/केन्द्र छात्र के दस्तावेजों को देखकर व पूर्णतः संतुष्ट होने पर संशोधन पर हस्ताक्षर व मोहर लगाकर संशोधित आवेदन पत्र (एक्जाम फॉर्म की हार्ड कॉपी) मय छात्र के प्रार्थना पत्र के विश्वविद्यालय को अग्रेषित करेंगे। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय/केन्द्र के पैनल पर संशोधन करने की सुविधा रहेगी अतः महाविद्यालय/केन्द्र को ऑनलाइन संशोधन भी करना आवश्यक होगा। **(संशोधन की यह प्रक्रिया महाविद्यालय खुलने के पश्चात लागू होगी)**
    6. **समस्त विभागाध्यक्ष/एवं समस्त प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालय को सूचित किया जाता है कि वे इस बात का ध्यान रखें कि आवेदन पत्र जमा कराते समय खिड़की पर अभ्यर्थियों की भीड़ नहीं लगे तथा कोविड प्रोटोकॉल की पालना करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग के साथ आवेदन पत्र जमा करें तथा यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक अभ्यर्थी ने मास्क का उपयोग किया है। सेनेटाईजर की भी पुख्ता व्यवस्था रखें।**

2. ए.सी.पी, ऑनलाईन केन्द्र, मदसविवि, अजमेर को भेजकर लेख है कि विज्ञप्ति को  परीक्षा कार्य की बेवसाइट पर प्रसारित कराने की व्यवस्था करें।
3. वित्त नियंत्रक, मदसविवि, अजमेर।
4. सहायक कुलसचिव (वित्त एवं लेखा) को प्रेषित कर लेख है कि आवश्यक कार्यवाही करने के पश्चात् आवेदन पत्र अधिकतम तीन दिवस के भीतर संबंधित परीक्षा शाखा को प्रेषित करने की व्यवस्था करावें।
5. समस्त उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव/अनुभागाधिकारी/प्रोग्रामर, मदसविवि, अजमेर।
6. निजी सचिव–कुलपति/निजी सहायक कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, मदसविवि, अजमेर।
7. सहायक, रोकड़ शाखा, मदस विश्वविद्यालय, अजमेर।
8. सहायक कुलसचिव (सा.प्र.) मदसविवि, अजमेर को भेजकर लेख है कि विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार अजमेर संभाग के जिले अजमेर, भीलवाड़ा, नागौर, टौंक के मुख्य समाचार–पत्रों (राजस्थान पत्रिका/दैनिक भास्कर/दैनिक नवज्योति) में विज्ञप्ति को एक बार प्रकाशित कराने की व्यवस्था करें। तथा इस विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाने का श्रम करें।
9. कम्प्यूटर फर्म को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
10. ई–मित्र कार्यालय, योजना भवन, जयपुर, सी.स्कीम, जयपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

*-sd-*

**सहा.कुलसचिव(परीक्षा)**